**आज का मौसम**

पूरे दिन तेज धूप रहेगी। लू चलेगी। शाम को बूंदाबांदी की संभावना।

43.1° अधिकतम तापमान | 30.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 06 :56

# डीजे सिस्टम बंद करने को कहा तो कर दिया पुलिसकर्मियों पर हमला

## कई पुलिसकर्मियों को आईं चोटें, 18 लोगों पर नामजद रिपोर्ट, 13 आरोपी पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** बर्थडे पार्टी के दौरान देर रात तक बज रहे म्यूजिक सिस्टम (डीजे) को बंद कराने गए पुलिसकर्मियों पर गुस्साए घरवालों ने हमला कर दिया। वाहन पर पत्थरबाजी की और खदेड़ लिया। अन्य थानों की पुलिस पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसमें छह पुलिसकर्मियों को चोटें आने की जानकारी मिली है। पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ नामजद और लगभग 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। 13 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मामला भरतकूप थाना क्षेत्र के रौली कल्याणपुर गांव का है। बताते हैं कि यहां वजनी मोड़ के पास एक घर में शुक्रवार की रात बर्थडे पार्टी चल रही थी। इस दौरान तेज आवाज में म्यूजिक सिस्टम चलाया जा रहा था। इससे आसपास के लोगों को दिक्कत हुई तो किसी ने थाने में शिकायत कर दी।

इस पर पीआरवी के राहुल कुमार और रामकरन बाइक से मौके पर पहुंचे। पता चला कि फूलचंद्र वर्मा के घर पार्टी चल रही है। पुलिस के मुताबिक, इनको डीजे बंद करने को कहा गया तो घर में मौजूद महिलाएं और पुरुष पुलिसकर्मियों से अभद्रता पर उतारू हो गए। आरोप है कि इन लोगों ने पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस टीम पर हमला करने वालों पर नियमानुसार बनती कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



क्षतिग्रस्त पुलिस जीप।



चोटें दिखाते घायल पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पहुंची कई थानों की पुलिस

गांववालों का उपद्रव और बवाल की आशंका भांप पुलिसकर्मियों ने थाने में सूचना दी। इस पर भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने और तेज आवाज में डीजे बजाने लगे। आरोप तो यहां तक है कि इन लोगों ने पुलिसकर्मियों पर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, सब्बल आदि से हमला कर दिया। पुलिस के वाहनों पर पत्थरबाजी की। इस पर उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। कर्वी कोतवाली के साथ पहाड़ी, बहिलपुरवा थानों और शिवरामपुर और सीतापुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ सिटी राजकमल ने मोर्चा संभाला। बाद में एसपी अरुण कुमार सिंह और एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी भी पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया। भारी पुलिस बल को देखकर आरोपी ग्रामीण भाग निकले। एसपी ने बताया कि डीजे बंद कराने को लेकर ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी पर पथराव किया। 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

जानकारी के मुताबिक, पुलिसकर्मी राहुल की तहरीर पर भरतकूप थाने में रौली कल्याणपुर निवासी इंदू प्रसाद, सुशील, मन्नू, उमाशंकर उर्फ कल्लू, पान कुमारी पत्नी महेश निवासी लुहिया, सुलता पत्नी फूलचंद्र और कंचन पत्नी सुशील के अलावा मनोज कुमार, नीरज, रोहित निवासी मनकीपुरवा मजरा जमालपुर (बांदा), सर्वेश निवासी महोखर जमालपुर (बांदा), सूरज निवासी मनीपुर गिरवां (बांदा), नीलम पत्नी उमाशंकर निवासी रौली कल्याणपुर, राजरानी पत्नी इंद्रभवन निवासी मनीपुर आदि कुल 18 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। लगभग 20 लोग अज्ञात आरोपी हैं।

### पुलिस पर फंसाने का लगा आरोप

उधर, घटना का दूसरा पहलू भी है। आरोपी फूलचंद्र का कहना है कि पुलिस उसे और उसके परिवारी और रिश्तेदारों को जबरन फंसा रही है। पुलिसकर्मियों ने रुपयों की मांग की थी और जब देने से इंकार किया था तो महिलाओं से अभद्रता करने लगे थे। उसका कहना था कि घटना का एक पक्ष ही देखा जा रहा है और हमारी बात की सुनवाई नहीं की जा रही है।

### काम आई सीओ की सूझबूझ

इस पूरे मामले में सीओ राजकमल की सूझबूझ बहुत काम आई। भरतकूप पुलिस पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे सीओ ने उत्तेजित पुलिसकर्मियों को समझाया और ग्रामीणों को भी शांत कराने की कोशिश की। उग्र होते पुरुषों और महिलाओं को भी समझाबुझाकर शांत किया। अगर उस समय गंभीरता न दिखाई जाती तो मामला और बिगड़ सकता था।

### कई पुलिसकर्मियों को आईं चोटें

इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। आरोप तो यहां तक है कि थाना प्रभारी की वर्दी फाड़ दी। एक सिपाही सतीश यादव के 5300 रुपये और घड़ी छीन ली। बवाल से आसपास दहशत छा गई। लगभग दो घंटे तक लोग घरों में दुबके रहे। इसमें थाना प्रभारी प्रवीण सिंह को भी चोटें आईं। सिपाही राहुल के अलावा सतीश यादव, दीपिका, शिखा, नरेंद्र सिंह घायल हुए।

## एक नजर

### धड़ल्ले से बिक रहा गांजा जिम्मेदार अनजान

**चित्रकूट।** मानिकपुर, राजापुर, सरधुआ और कर्वी नगर में गांजा बेचे जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इसमें कुछ जिम्मेदारों की मिलीभगत भी है, जिससे यह धंधा जमकर फलफूल रहा है। बताते हैं कि मानिकपुर बस स्टैंड के पास भी गांजा धड़ल्ले से बिकता है और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जाती है।

### मोबाइल ढूंढकर मालिक को सौंपा

**मऊ (चित्रकूट)।** तीन जून को अहिरी निवासी नीलचंद ने सीईआईआर पोर्टल में मोबाइल खो जाने की सूचना दर्ज की थी। कंप्यूटर ऑपरेटर अर्जुन यादव एवं आरक्षी शिवानी यादव ने लोकेशन के आधार पर शनिवार को इसे बरामद कर मालिक को सौंप दिया।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने ताना मऊ में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट मामले के आरोपी मोहम्मद अकरम पुत्र इबरार अहमद निवासी ग्राम सकूहाबाद थाना लीलापुर (प्रतापगढ़) को गिरफ्तार किया।

### शिव मंदिर से मूर्तियां चोरी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** ग्रामोदय विवि परिसर स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार रात चोरों द्वारा मूर्तियों की चोरी करने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि चोर शिवलिंग सहित अन्य मूर्तियां ले गए। इस संबंध में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। विश्वविद्यालय परिसर स्थित साइंस फैकल्टी के ऊपर पहाड़ी मे शिव मंदिर बना है। बताते हैं कि इस जमीन पर भूमाफियाओं की नजरें हैं।

# सिलेंडर महंगा तो क्या फायदा उज्ज्वला का

संवाददाता,राजापुर (चित्रकूट)

● महंगाई से त्रस्त हैं महिलाएं जताया रोष

**अमृत विचार।** भीषण महंगाई में महिलाओं के सामने घर खर्च चलाना मुश्किल है। सबसे ज्यादा दिक्कत इनको रसोई चलाने में आ रही है। जोर शोर से शुरू की गई उज्ज्वला योजना को लेकर अब महिलाओं में किसी तरह का उत्साह नहीं नजर आता। तमाम घर ऐसे हैं, जहां अरसे से सिलेंडर नहीं बदले गए। इन महिलाओं का कहना है कि जब सरकार सिलेंडर की कीमत लगातार बढ़ाती जा रही है तो फिर उज्ज्वला योजना का क्या मतलब।

महंगाई की मार से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिले चूल्हे और सिलेंडर गरीब परिवारों के घरों में शोपीस बनकर रह गए हैं। इनका कहना है कि सरकार ज्यादा दाम बढ़ाकर कुछ रुपये कम करती है तो इसका क्या फायदा। अब तो उनके सामने धुयें वाले चूल्हे में खाना बनाने की मजबूरी है। इनका कहना है कि सिलेंडरों की कीमत से वे इसे भराने की सोच भी नहीं सकतीं। सिलेंडर घरों में रखे हुए हैं और लकड़ी के सहारे खाना बन रहा है।



ममता देवी।



वकीला परवीन।

गृहिणी ममता देवी का कहना है कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का नारा तो दिया था लेकिन गृहणियों की समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। भीषण गर्मी में जब तापमान 46 डिग्री तक पहुंच रहा है, वे लोग चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर हैं। गर्मी में घरों के पुरुष जब मजदूरी नहीं कर पा रहे, खाने को लाले पड़े हैं तो सिलेंडर को कैसे भराया जा सकता है। वकीला परवीन उर्फ नूरी का कहना है कि सरकार द्वारा योजना तो चला दी गई है पर गरीब महिलाएं चूल्हे में खाना बनाने में मजबूर हो रही हैं। मार्च 2020 से उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को सरकार ने दो- दो सिलेंडर निःशुल्क भराने के लिए खातों में रुपये भेजने की व्यवस्था की पर अब तो वह भी नहीं है। महिलाओं ने रोष जताया कि सरकारों की कल्याणकारी योजनाएं गरीबों के लिए दिखावा हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया दिव्य विजयोत्सव

**चित्रकूट।** एनडीए सरकार में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने की पूर्व संध्या पर ट्रैफिक चौराहे पर भाजपाइयों ने दिव्य विजयोत्सव का आयोजन किया। जहां पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश का नाम विश्व में रोशन किया है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से सरकार की योज इस मौके पर रंजना उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, आनंद पटेल, अश्विनी अवस्थी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विकास मिश्रा, महामंत्री मोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।



नए शाखा परिसर का उद्घाटन करते महाप्रबंधक। अमृत विचार

## आर्यावर्त बैंक के नए भवन का उद्घाटन

संवाददाता,राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक के महाप्रबंधक रणधीर कुमार ने शनिवार को चित्रकूट परिक्षेत्र की सरैंया शाखा के नए भवन परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार, शाखा प्रबंधक अजीत कुमार, ऋण विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक वैभव वर्मा वसूली विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अमित चंद्र, क्षेत्रीय कार्यालय के पीएमआईएस विभाग के अंशुल गुप्ता व प्रशासन एवं सेवाएं विभाग के प्रभात कुमार शुक्ला मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने ग्राहकों को सम्मानित किया और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभार्थियों को चेक दिए।

# डीएम, एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोतवाली कर्वी परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अरुण कुमार सिंह ने अधिकारियों को सरकार की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जाँच लोगों के मोबाइल पर बात कर की जाएगी। फर्जीवाड़ा मिलने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।



थाना समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

## विवेचकों के कार्यों की समीक्षा की

**राजापुर (चित्रकूट)।** सीओ निष्ठा उपाध्याय ने शनिवार को थाना राजापुर के विवेचकों के कार्यों की समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के संबंध में पूछा और निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने विवेचकों को निर्देश दिए कि एसपी कार्यालय से प्राप्त प्रार्थनापत्रों की जांच समय से करते हुए आख्याएं भेजते रहें। अकारण कोई प्रार्थनापत्र लंबित न रखा जाए। लापरवही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के बयानों पर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● पूर्व विधायक ने कहा, वक्तव्य की करता हूं भर्त्सना

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी रहे निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल के भितरघात और पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर दिए गए बयानों को लेकर पार्टी के नेताओं में ही रोष पनप रहा है। सोशल मीडिया में भी तरह तरह के पोस्ट किए जा रहे हैं। इस मामले में मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की पोस्ट भी चर्चा में है।

गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कृष्णा पटेल से हार के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने अपनी हार की वजह गिनाते हुए इसमें पार्टी के जिले के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भितरघात आदि के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल आदि के अधिकांश कार्यकर्ताओं ने भितरघात किया। जातीयता के पक्ष में मुखर होकर गए। साथ चलने वालों ने ही पीठ में छुरा घोंप दिया। निवर्तमान सांसद की इन बातों को लेकर पार्टी में ही रोष पनप रहा है। कई नेता इसको लेकर तरह तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। सोशल मीडिया में भी पोस्ट की जा रही हैं। इस संबंध में मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने फेसबुक में पोस्ट की है। उन्होंने आरके के वक्तव्य की आलोचना करते हुए लिखा है, मैं भाजपा के अपने समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम के लिए वंदन करता हूं। भाजपा के अधिकांश बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल तथा जिले के कार्यकर्ताओं पर भीतरघात का आरोप लगाने से पहले सोचना चाहिए कि क्या ये 3 लाख चौतीस हजार वोट खुद की लोकप्रियता पर मिल गया। खुद के समर्थन में सजातीय वोट साथ नहीं खड़ा और देवतुल्य कार्यकर्ताओं को जातीयता का ज्ञान परोस रहे हैं। इनके वक्तव्य की भर्त्सना करता हूं। हमारे कार्यकर्ता साथियों को भी सोचना पड़ेगा कि अबतक किस भ्रम में आप सभी जी रहे थे...। जाहिर है कि निर्वतमान सांसद के खुद की हार के लिए दिए बयानों को लेकर भाजपा के जिलास्तरीय नेताओं में आक्रोश है। यह मुद्दा जल्द शांत होने वाला नहीं है। इसका असर जिला कार्यकारिणी पर भी पड़े तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए।

# साहब ! झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही महिला

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत शोभा सिंह का पुरवा निवासी राजन सोनी ने एसपी को पत्र लिखकर कुछ लोगों पर उसके ऊपर अपहरण का झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने और उगाही करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि मानिकपुर के एक गांव निवासी महिला ने कुछ लोगों के साथ मिलकर अपनी बेटी को कहीं छिपा दिया है और उसपर उसे ले जाने की एफआईआर दर्ज करा दी है। उसका कहना है कि अब आरोपी महिला पचास हजार रुपये की मांग कर रही है और न देने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रही है। उसने एसपी से कार्रवाई की गुहार की है।

# महिला की मौत, झोलाछाप पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक क्रशर व्यवसायी के घर में चल रहे कथित क्लीनिक में बीते दिनों एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि झोलाछाप के गलत इलाज से उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि आसपास क्रशर होने की वजह से अक्सर यहां मजदूर बीमार हो जाते हैं। ऐसे में आसपास खुले कुछ क्लीनिकों में झोलाछाप इनके इलाज के नाम पर अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं। जानकारी के मुताबिक, बीते दिन हरिहरपुर गांव की 21 वर्षीया महिला मनीषा की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसको लू लग गई थी। इलाज यही झोलाछाप कर रहा था। तबीयत में सुधार होने पर परिजन महिला को घर ले गए लेकिन कुछ समय बाद फिर बुखार आने लगा। उसे फिर अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई। मृतका के परिजन प्रभु ने यह भी बताया कि उसकी शादी दो साल पहले बांदा जिले के बदौसा थाने के करछना निवासी अवधेश से हुई थी। पति राजस्थान में रहकर काम करता है। फिलहाल महिला अपने मायके में रह रही थी।उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी भरतकूप ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



लकड़ी कटान की जांच करती वन विभाग टास्क फ़ोर्स की टीम।

## धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा(हमीरपुर)।** एक सप्ताह पहले बिंवार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने मुटनी निवासी खलील खां पर अपनी पहचान छिपा कर उसे प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म करने, धर्म परिवर्तन कराने का मामला दर्ज कराया था। शुक्रवार की रात पुलिस ने आरोपी को बिगहना तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**परेशानी** जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत का सामना

# पहाड़ी के लोगों को नहीं मिल रहा पेयजल

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और तपन के बीच कस्बे के लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि जल संस्थान के जिम्मेदारों की लापरवाही से उनको बूंद-बूंद पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

शासन द्वारा गर्मी में लोगों को पेयजल और बिजली की किल्लत न होने देने के फरमान का पहाड़ी में कोई असर नहीं नजर आता। लोगों का कहना है कि कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों को इसकी चिंता नहीं है कि किसको पानी मिल रहा है और किसको नहीं। कस्बे की करीब पांच हजार आबादी में ज्यादातर को पेयजल के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। या तो दो-दो किमी दूर से या फिर हैंडपंपों में, बोर आदि में लाइन लगाकर पीने का पानी लाना पड़ता है। कस्बे हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला गया है। कस्बे में सिर्फ जल संस्थान से ही पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था है लेकिन यहां तैनात कर्मचारी पहली बात तो यहां रहते नहीं जबकि जल संस्थान कार्यालय में आवास की सुविधा उपलब्ध है और कभीकभार आते हैं तो खानापूरी करते हैं। इस संबंध में विभागीय लोगों से बात नहीं हो सकी।



बोर के पानी से किया जा रहा निस्तार का जुगाड़।



सूखा पड़ा कुआं।



जल संस्थान के कार्यालय में लटका ताला। अमृत विचार

### कुछ जगहों का रखा जाता ख्याल

वहीं बिसंडा रोड, कर्वी रोड के दुकानदारों की सुविधा का जरूर ख्याल रखा जाता है। इन जगहों पर दिन भर पेयजल आपूर्ति चालू रहती है। कस्बे के अंदर ग्रामीणों को कई कई बार हफ्ताभर जलापूर्ति नहीं मिलती। बहाना बना दिया जाता है कि बिजली नहीं थी, टंकी नहीं भरी या फिर पंप हाउस का मोटर जल गया।

### लोग बोले, सिर्फ भरते हैं बिल

अरविंद कुमार, राजेश कुशवाहा, रमेश गुप्ता, कल्लू भारद्वाज, मोहम्मद यूनुस, सुरेश कुमार, जागेश्वर गुप्ता आदि ने रोष जताया कि बेवजह पानी का बिल भरना पड़ता है। महीने में महज दस-पंद्रह दिन पानी मिलता है।

## मां-बेटे ने लगाया मारपीट का आरोप

**सीतापुर (चित्रकूट)।** राघवपुरी निवासी पिंटू पुत्र जोगीराज ने कोतवाली में तहरीर देकर मुहल्ले के कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इससे उसके सिर में चोटें आई हैं। उसकी मां को भी इन लोगों ने गंभीर चोटें पहुंचाई हैं और वह अस्पताल में भर्ती है। उसने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## नवजात की मौत, पति रखने को नहीं तैयार

**चित्रकूट।** मायके में दो माह के बच्चे की मौत से नाराज पति ने विवाहिता को घर में रखने से इंकार कर दिया। शिवरामपुर के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि वह अपने दो माह के पुत्र को लेकर मायके आई थी, जहां उसकी मौत हो गई। अब ससुरालीजन उसे रख नहीं रहे। उसने एसपी से गुहार लगाई है।

# टीम ने की लकड़ी की अवैध कटान की जांच

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सिंह ने किसानों से की बात

**अमृत विचार।** अवैध लकड़ी कटान को लेकर वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने प्रकाशित खबर का संज्ञान लिया है। उप प्रभागीय वन अधिकारी सहित पांच सदस्यीय टास्क फोर्स टीम का गठन कर राठ रेंज में हो रही पेड़ों की अवैध कटान की शिकायत की जांच की।

राठ रेंज के वन क्षेत्र में बीते दिनों समाचार पत्रों में अवैध लकड़ी कटान की खबरें प्रकाशित हुई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों ने उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सिंह सहित पांच सदस्यीय सदस्यीय टास्क फोर्स की टीम गठित कर निरीक्षण करने के लिए भेजा। टीम ने राठ रेंज के वन क्षेत्र में पहुंचकर सभी जगहों पर निरीक्षण किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी आदर्श कुमार सिंह ने बताया की टास्क फोर्स टीम के साथ उन्होंने शिकायतों में जिन स्थानों का जिक्र है निरीक्षण कर किसानों से वार्ता की। किसानों ने बताया कि कुछ पेड़ उनके स्वयं के खेतों में थे जिनसे खेत की जुताई करने में दिक्कत होती थी। जिस वजह से उनको उन्होंने काटा है व काटे गए पेड़ छूट प्रजाति के हैं। बताया शिकायत के एक भी बिंदु पर अवैध लकड़ी का कटान नहीं पाया गया है। उन्होंने कटान संबंधी खबरों को असत्य व भ्रामक बताया है। टीम के साथ क्षेत्रीय वनाधिकारी सत्येंद्र सिंह, वन दरोगा शोभाराम, सतीश व वन रक्षक इश्तियाक खान मौजूद रहे।

**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
व अदालत एस0डी0एम0 न्यायिक जिला चित्रकूट मुद्दई
नम्बर मुकदमा– 0264/2020–
धारा –38 तिलोली मऊ
तारीख पेशी–11.06.2024
साकिन
सरोज देवी
बनाम
सहारनिया आदि
प्रदीप तिवारी पुत्र शम्भूनाथ,
नि0–तिलौली तह0मऊ, जिला चित्रकूट

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0ता0 11 माह 06 सन् 2024 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इनमिसाल फतई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है। कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर हालत के आज तारीख 24 माह 05 सन् 2024 ई0 जारी किया गया।

**आज्ञा से न्यायालय**

# तालाबों में उड़ रही धूल, पशु-पक्षी तोड़ रहे दम

## खेत-खलिहानों के मध्य बने तालाबों में पानी नहीं



कल्ला गांव में सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्लाक की 54 ग्राम पंचायतों के ज्यादातर तालाबों से पानी नदारद है। खेत खलिहानों में बने तालाबों में धूल उड़ रही है। इससे पशु पक्षी बेहाल है। विगत दिनों भीषण गर्मी के चलते पानी के अभाव में खेतों में बंदरों के साथ नील गायें मृत पाई गई थी। जिनके अवशेष आज भी गवाह के तौर पर मौजूद है। सरकारी मशीनरी का आलम यह है कि वह कागजों में तालाबों को लबालब बताकर आंकड़े बाजी में अव्वल है।

इस वर्ष गर्मी ने तमाम रिकॉर्ड तोड़े हैं। ऐसी भीषण गर्मी में गांवों के बाहर खेतों में मध्य बने तालाबों से पानी गायब है। ग्रामीणों की मानी जाए तो गांवों के आसपास बने कुछ तालाबों में पानी जरूर है लेकिन खेत खलिहानों के मध्य बने तालाबों से पानी पूरी तरह से गायब है।

यही कारण रहा कि मई के अंतिम सप्ताह में पारा के 48 डिग्री पार होते ही खेत खलिहानों में रहने वाले बंदर तथा नील गायें मृत पाई गई थी। चरवाहों का दावा था कि इनकी मौतें पानी के अभाव में हुई है।

वहीं ग्रामीण बताते हैं कि खेत खलिहानों में पानी न होने से तमाम जंगली जीव रात के अंधेरे में गांवों की तरफ आ रहे हैं। इससे लोगों को खतरा महसूस हो रहा है। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि सभी पंचायतों को आदेश निर्गत किए गए हैं। सोमवार से पंचायतों का निरीक्षण करके तालाबों का स्थलीय सत्यापन किया जाएगा।

## क्षेत्र में 9 राजकीय नलकूप लगे फिर भी नहीं भरे जा सके तालाब

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के इंगोहटा में नौ राजकीय नलकूप लगे हैं फिर भी यहां के आधा दर्जन छोटे बड़े तालाबों में धूल उड़ रही है। जिससे पशु पक्षी ऐसी प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकने को विवश हैं। वहीं जिम्मेदार इस बड़ी समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं।

इंगोहटा गांव निवासी अवधेश यादव, बद्री प्रसाद, राकेश गुप्ता सहित गांव के चरवाहों ने बताया कि हर साल राजकीय नलकूपों के जरिए तालाब, पोखर व गड्ढे भरकर पशु पक्षियों की प्यास बुझाई जाती है, लेकिन इस बार चुनाव को लेकर ध्यान नहीं दिया गया। बताया कि गांव के उत्तर और दक्षिण में कजरी और रीठा दो बड़े तालाब हैं। जबकि पूर्व में एक और पश्चिम दिशा में दो छोटे तालाब हैं। छानी मार्ग में एक हमीरपुरी तालाब है। वर्तमान में सभी सूखे पड़े हैं। इस मौजे में



नलकूप से नहीं भरा गया इंगोहटा का तालाब। अमृत विचार

नौ राजकीय नलकूप हैं, लेकिन इन्हें भी चालू नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया चार नलकूप 90, 118, 164, 165 एचजी रीबोर की स्थिति में है। जबकि नलकूप 166 का सामान की चोरी हो गया है। 214 नंबर नलकूप खराब है। नलकूप नंबर 130 एचजी, 212 एचजी, 213 एचजी सही होने के बाद भी पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिससे इनके आसपास भी पानी नहीं नजर आता है। हमीरपुरी तालाब में गांव निवासी मोहनलाल साहू ने निजी नलकूप से पानी भरा जा रहा है। जिससे उस क्षेत्र के पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा रहे है। किंतु गांव के पूर्व उत्तर दक्षिण दिशा में पानी पीने के लिए बड़ी समस्या है। ग्रामीणों ने नलकूप चालू कराकर तालाब भरे जाने की मांग की है।



जखेला कुरारा मार्ग की यह दशा हो गई। अमृत विचार

## गड्ढों में तब्दील हुआ जखेला कुरारा मार्ग, चलना मुश्किल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में 10 माह पूर्व बनी जखेला कुरारा मार्ग की सड़क उखड़कर भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होती जा रही है। जिससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

क्षेत्र के कुरारा जखेला व जखेला मलहरा संपर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग ने 10 माह पूर्व तैयार कराया था। यहां से मौरंग भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली निकलने सड़क जगह-जगह टूट कर गड्ढों में तब्दील होती जा रही है। उधर जखेला गांव के ग्रामीण ने बताया कि मलहरा जखेला मार्ग में मानक के अनुसार कार्य नहीं हुआ है। इसी के चलते सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। वहीं कंडौर इंद्रपुरी से बिना रॉयल्टी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली इसी सड़क से रात दिन निकल रहे हैं। जिससे सड़क की सूरत बिगड़ने के साथ गड्ढों में बदल रही है। कुछ ही दिनों में आने वाले मानसून को लेकर ग्रामीणों में आवागमन के प्रति चिंता सताने लगी है। बरसात में आवागमन में परेशानी उठानी पड़ेगी। इस मार्ग में ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के दौरान पुलिया नहीं बनवाई है। बल्कि ह्यूम पाइप डाले हैं। सड़क के इन प्वाइंटों पर भारी भरकम गड्ढे हैं जो बरसात में कभी भी हादसे को दावत दे सकते हैं। भैंस पाली के ग्रामीण अरविंद कुमार, उपेंद्र ने बताया कि दो माह पूर्व भैंसा पाली से कुसौली पुरवा गांव तक बनाई गई सड़क जगह-जगह जर्जर होने से ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### तमंचे लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**मौदहा(हमीरपुर)।** मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने कस्बा निवासी एक युवक को तमंचे के साथ हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि हेड कांस्टेबल रजनीकांत मिश्रा के साथ एक मामले में विवेचना के लिए जा रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पिपरौंदा रोड में एक व्यक्ति अवैध शस्त्र के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर ने आरोपी ने अपना नाम मनीष कुमार पुत्र लल्लू राम प्रजापति बताया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई है।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष के गांव में खूब वोट मिले

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बूथों का आंकलन करने में जुटी है। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी के गांव अरतरा के बूथ क्रमांक 399 में भाजपा ने 259 मत पाकर जीत दर्ज कराई है। इसी बूथ में सपा को 217 व बसपा को 70 मत मिले हैं। वहीं उन्हीं के मौदहा नगर स्थित बूथ संख्या 340 में भाजपा ने 474 मत प्राप्त कर जीत दर्ज कराई, तो सपा को 326 एवं बसपा को 23 मत प्राप्त हुए। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की क्षेत्र में लोकप्रियता के साथ युवाओं में पकड़ मजबूत मानी जाती है। वह जिला पंचायत चुनाव में अरतरा सीट से प्रबल दावेदार थे, लेकिन संगठन ने अंतिम समय पर टिकट काटकर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पांडेय को प्रत्याशी बना दिया।

## सहकारी समिति ने 82 प्रतिशत की वसूली

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बा स्थित किसान सेवा सहकारी समिति ने किसानों को दिए गए खाद बीज के कर्ज वसूली अभियान के तहत 2.25 करोड़ बकाया के 82% वसूली की है। सहकारी समितियों को अपने बकाया वसूली के लिए 30 जून तक समय होता है। लेकिन चुनाव के चलते राजनीतिक दलों ने कर्ज माफी की जो घोषणाएं की समितियों सहित अन्य बैंक ऋण वसूली पर विपरीत असर पड़ा है। कस्बे की किसान सेवा समिति ने अपना 82% कर्ज वसूल करने के साथ अब शत प्रतिशत वसूली के लिए जुटे हैं। कस्बे की किसान सेवा समिति सचिव अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि उनकी समिति में 600 किसान सदस्य से अधिक खाद्य बीज का लेनदेन करते हैं। किसानों पर समिति और बैंक का 2.25 करोड़ कर्ज वसूली का लक्ष्य है। इसके अलावा निकट की सहकारी समिति सायर ने भी अच्छी वसूली की है। बिगहना, रीवन, इचौली व सिसोलर में भी कर्ज की वसूली तेज हो गई है।

## डिफेंस काउंसिल की मदद से मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- दहेज हत्या के मामले में कोई पैरवी करने वाला नहीं था

**अमृत विचार।** दहेज हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध ससुर ने जमानत को लेकर लीगल एड डिफेंस काउंसिल से मदद मांगी। जिस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीतांजलि गर्ग के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अदालत ने ज़मानत अर्जी स्वीकृत की है।



आनंद कुमार सक्सेना।

जनपद बांदा के थाना मटौंध निवासी चंदभान सविता की पुत्री कमला की शादी 21 जून 2022 को मंगल निवासी गौरी थाना सुमेरपुर में हुई थी। 13 मार्च 2024 को ससुराल में महिला फांसी लगाकर मर गई थी। इस मामले में चन्दभान ने पुत्री के पति मंगल, सास कौशल्या व ससुर कृपाशंकर पर दहेज़ हत्या का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने तीनों आरोपित को जेल भेजा था। आरोपियों के घर में कोई अन्य सदस्य मुकदमे की पैरवी के लिए नहीं बचा। जिसके चलते उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल से ज़मानत की पैरवी किए जाने के लिए मदद मांगी थी। चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल आनन्द कुमार सक्सेना ने बताया कि इस मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव गीतांजलि गर्ग के निर्देश पर कृपाशंकर की ज़मानत जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अदालत में प्रस्तुत की गई। अदालत ने कृपाशंकर की ज़मानत स्वीकृत कर दी। बताया कि एक सप्ताह पूर्व सास कौशिल्या की जमानत भी कराई गई थी। लीगल ऐड डिफेंस सिस्टम के चीफ़ लीगल ऐड डिफ़ेन्स काउंसिल आनन्द कुमार सक्सेना डिप्टी चीफ लीगल एड हरिनाम सिंह व असिस्टेंट लीगल एड डिफ़ेन्स काउंसिल फिरोज़ आलम व सत्यम ने जमानतों की पैरवी की।

## कथित संत ने ऐतिहासिक गढ़ी में किया कब्जा

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड 5 बसंत नगर में पुरातत्व विभाग की गढ़ी पर अवैध कब्जे की शिकायत यहां के वाशिंदों ने जिलाधिकारी से करते हुये गढ़ी को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है।

कस्बे के वार्ड संख्या 5 में ऐतिहासिक महत्व की चंदेल कालीन राजाओं के खंडहर मे तब्दील गढ़ी है। यह गढ़ी पुरातत्व विभाग के अधीन है। इस गढ़ी में इंगोहटा के कंजड ओमप्रकाश शाह ने दाता वेश धारण कर कब्जा जमा लिया है और परिवार सहित यहां रहता है। यह परिवार गढ़ी प्रांगण में खुले में शौच करता है। इससे गंदगी फैल रही है। यहां के निवासी रमेश विश्वकर्मा, महेश, राजेश, घनश्याम, लक्ष्मी सिंह, सोमवती श्रीवास, विनय कुमार, दृगपाल सिंह चंदेल, श्रीराम, हरीओम, छंगा आदि ने जिलाधिकारी से इस ऐतिहासिक गढ़ी को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



फरियादियों की समस्याएं सुनीं एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार




सुमेरपुर थाने में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

## ज्यादा फरियादी आए नहीं, अफसर भी चल दिए

समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 83 दिन आचार संहिता लगी होने से बंद था समाधान दिवस
- प्रचार-प्रसार न किए जाने से फरियादी नहीं पहुंच सके

**अमृत विचार।** कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। फरियादियों से मुलाकात के बाद त्वरित निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। जमीनी विवादों को निपटाने के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। समाधान दिवस पर कोतवाल अनूप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। उधर सुमेरपुर में पिछले 83 दिनों के बाद अधिसूचना समाप्त होने पर थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों के साथ अधिकारी कर्मचारी भी नदारत रहे। दोपहर 12:00 बजे थाने का कुछ ऐसा ही नजारा कैमरे में कैद किया हुआ।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने तथा समाप्त होने में 83 दिन का समय लगा। इस बीच तहसील दिवस व थाना दिवस आदि ठप रहे। अधिसूचना समाप्त होने के बाद 8 जून को थाने में पहला समाधान दिवस आयोजित हुआ। प्रचार प्रसार के अभाव में जहां फरियादी नदारद रहे। वहीं जिम्मेदारों ने भी अपनी कुर्सी में बैठना उचित नहीं समझा। दोपहर 12 बजे समाधान दिवस की कुर्सियों से अधिकारी गायब मिले। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि समाधान दिवस पर कोई अधिकारी नहीं आए और फरियादी भी नहीं आए। लेखपाल जरूर आए। आवश्यक सूचनाएं देने के लिए वह कुछ देर के लिए अपने कार्यालय में चले गए थे। शायद उसी समय किसी ने खाली कुर्सियों की फोटो बना ली होंगी।

## छात्रों ने हिरासत में बना डाली रील

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- सोशल मीडिया पर वायरल होने से बैकफुट में आई पुलिस

**अमृत विचार।** कभी थाने की हवालात में पहुंचते ही लोग थर्राने लगते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। मारपीट करके आए छात्रों ने हवालात में बैठकर रील बनाई और सोशल मीडिया में पोस्ट करके अपने भौकाल का इजहार कर डाला। मामला कस्बे के थाने की हवालात का है।

बीते 3 जून को दो विद्यालयों के कुछ छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें तीन छात्रों को पुलिस पकड़ लाई और थाने की हवालात में बंद कर दिया। हवालात पहुंचे छात्रों ने आराम से रील बनाई और इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। साथ ही थाने के अंदर अपने भौकाल का इजहार करके रील में लिखा कि यह तो बहुत कम है। अभी और बाकी है। इसके बाद छात्रों को हवालात से छोड़ दिया गया। सोशल मीडिया में रील वायरल होने पर पुलिस बैकफुट में आ गई और छात्रों को हिरासत में लेने की बात कही है। सवाल यह उठता है कि जब किसी को हवालात में बंद किया जाता है तो उसकी तलाशी लेकर ही अंदर किया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि हवालात के अंदर कोई घटना न हो जाये। लेकिन यहां पुलिस की लापरवाही नजर आ रही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार का कहना है कि पढ़ने वाले लड़के थे, इसलिये डांट डपट कर छोड़ दिये गए।




जरिया थाने में फरियादियों की शिकायतें सुनते एसडीएम। अमृत विचार

### जरिया जलालपुर व चिकासी थाना में हुआ समाधान दिवस

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना में एसडीएम राजकुमार गुप्ता, सीओ आशीष कुमार यादव की अध्यक्षता में तीन शिकायत आई। तीनों जगह टीम भेजी गई है। जलालपुर थाना में तहसीलदार रविंदर सिंह पाल की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में कोई फरियादी नहीं पहुंचा। उधर चिकासी थाना में थानाध्यक्ष भरत कुमार की अध्यक्षता में मात्र एक शिकायत आई। निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है। इस मौके पर जरिया थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित, जलालपुर थाना उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश पांडेय सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### खदान में मौरंग भरने आए ट्रक के खलासी की लू लगने से मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी मौरंग खदान में 45 वर्षीय खलासी की लू की चपेट में आने से तबियत बिगड़ गई। जिसे आनन-फानन ट्रक चालक उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर जनपद के थाना हथगाव क्षेत्र के सिठौरा गांव निवासी जीतू सिंह (45) पुत्र राजाराम ट्रक में खलासी का काम करता था। वहीं शुक्रवार की रात्रि में इंद्रपुरी खदान में मौरंग लेने ट्रक लेकर गए थे। वहीं शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे खाना बनाकर खाया था। तभी अचानक जीतू की हालत बिगड़ने लगी। जिसे ट्रक चालक राहुल सिंह आनन फानन स्थानीय सीएचसी में में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर उमेर अली ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक ने बताया कि दोपहर में खाना बना कर खाया था। अचानक तबियत बिगड़ने लगी। शायद उसे लू लग गई थी। सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था और दो भाई थे। बेरी चौकी इंचार्ज संगम लाल प्रजापति ने बताया कि हमें इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है।

### लोडर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा के कालपी हमीरपुर हाईवे में बीते 3 जून को आपे में बैठे युवक को लोडर द्वारा लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार देने पर घायल के भाई ने वाहन नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी बबलू पुत्र मुन्नीलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि भाई बीते 3 जून को आपे में बैठकर हमीरपुर से कुरारा के लिए आ रहा था। तभी मेन बस स्टैंड के पास कदौरा की तरफ से आ रही लोडर ने लापरवाही से चलाते हुए आपे में टक्कर मार दी। जिससे भाई को गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार कानपुर हैलेट में चल रहा है। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डंपर का टायर फटने से चालक घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** हाईवे पर फैक्टरी एरिया के पास त्रिमूर्ति टायर के सामने एक डंपर का टायर फट जाने से आगे जा रहे डंपर से जा भिड़ा। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से सदर स्थल रेफर कर दिया गया। घाटमपुर के कुष्मांडा नगर निवासी योगेश दीक्षित (40) कबरई से गिट्टी लाद कर कानपुर की ओर जा रहा था। रात करीब 8 :30 बजे त्रिमूर्ति टायर के पास उसके डंफर का अगला टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर आगे जा रहे डंपर से जा भिड़ा। जिससे वह केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### जुआ खेल रहे तीन लोग पकड़े गए

**मुस्करा।** कोतवाली के उपनिरीक्षक गौरव चौबे ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब चार बजे कस्बे के अलाव मैदान के पीछे टेलीफोन टावर के पास हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे तीन लोगों को पकड़ लिया। दबिश में कुछ लोग मौके से भाग खड़े हुए। वहीं तीन लोगों को हेड कांस्टेबल कमलेश, कांस्टेबल प्रदीप शर्मा एवं कांस्टेबल रोहित यादव ने मौके पर दबोच लिया। तलाशी में 4590 रुपये बरामद हुए।

राजनीतिक मंथन — जिले की दोनों विधानसभाओं के सात बूथों में बसपा उम्मीदवार सिर्फ एक-एक वोट ही मिला

# हमीरपुर लोकसभा में पहली बार बसपा का हाल रहा बेहाल

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** संसदीय सीट पर आम चुनावों में वर्ष 1989 में पहली बार चुनावी मैदान में उतरी बसपा ने बेहतर प्रदर्शन कर राजनीतिज्ञों को सोचने पर विवश कर दिया था। शुरुआत में इस दल ने 14.74 फीसद वोट हासिल किया था। इसके बाद से पार्टी का कारवां बढ़ता गया। 1999 और 2009 में बसपा ने जीत दर्ज की। लेकिन इस चुनाव में उसका यह हाल देख लोग सकते हैं। देखा जाए तो संसदीय क्षेत्र में ज्यादातर बूथों पर बसपा प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित को 100 वोट से कम मिले हैं।

हालत इतनी खराब रही कि हमीरपुर राठ विधानसभा को देंखे तो सात बूथों पर एक-एक वोट से प्रत्याशी को संतोष करना पड़ा है। बसपा के ज्यादातर परंपरागत मतदाताओं ने डा.भीमराव आंवेदकर के संविधान बचाने के लिए अपना मत भाजपा से सीधी लड़ाई में चल रहे सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया है।

### लोकसभा चुनावों में बसपा को मिले मत,

| वर्ष | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| 1989 | दीवान रघुनाथ सिंह | 14.74% |
| 1991 | ईश्वरदास महान | 20.49 % |
| 1996 | स्वामी प्रसाद | 21.95 % |
| 1998 | ध्रूराम | 25.58% |
| 1999 | अशोक चंदेल | 35.56 % |
| 2004 | अशोक चंदेल | 30.42 % |
| 2009 | विजय बहादुर सिंह | 27.45 % |
| 2014 | राकेश गोस्वामी | 18.03 % |
| 2019 | दिलीप कुमार सिंह | 30.38% |
| 2024 | निर्दोष कुमार दीक्षित | 8.49% |

- राठ विधानसभा के 211 बसेला बूथ में 208 वोट देकर बसपा ने भाजपा व सपा को हराया

संसदीय क्षेत्र में देखा जाए तो बसपा का जनाधार हमेशा से अन्य दलों के मुकाबले बेहतर रहा है। वर्ष 1989 में इस दल से लोकसभा का चुनाव दीवान रघुनाथ सिंह ने लड़ा था। तब शुरुआत में ही 14.74 प्रतिशत मत मिले थे। इसके बाद जितने भी चुनाव हुए पार्टी ने हर बार बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं 1999 में बसपा प्रत्याशी अशोक चंदेल ने 35.56 फीसद पाकर चुनाव जीता। तो 2009 में विजय बहादुर सिंह ने 27.45 फीसद मत पाए विजय पाई। पिछले 2019 के चुनावों में बसपा और सपा के गठबंधन में यह संसदीय सीट बसपा से खाते में गई। तब दल के प्रत्याशी दिलीप कुमार सिंह 30.38 फीसद मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 1989 से लेकर 2019 तक के चुनावों पर गौर करें तो बसपा ने दो बार जीती, वहीं हर बार दल के ज्यादातर प्रत्याशी दूसरे या तीसरे नंबर पर रहे। लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं ने हीरो से जीरो पर लाकर खड़ा कर दिया है। हमीरपुर विधानसभा में मिले मतों की गणना करें तो परिणान बेहद निराशा जनक हैं। बूथ संख्या एक, 81, 370, 393, 425 में बसपा को मात्र पांच-पांच वोट मिले। तो बूथ संख्या चार, सात व 134 में तीन-तीन, बूथ संख्या 11, 46, 166, 240, 280, 347, 361, 368, 422 में चार-चार मत मिले। बूथ संख्या 25, 196, 236, 341 में मात्र एक-एक वोट मिला है। वहीं बूथ संख्या 230, 302, 346, 362, 442 में दो-दो वोट मिले। कमोवेश यही हाल राठ विधान सभा का है। बूथ 150, 374, 407 में सिर्फ एक एक मत ही मिल सके। करीब 30 बूथों पर दल के प्रत्याशी को 10 से कम वोट मिले हैं। संसदीय सीट की हमीरपुर और राठ विधानसभा के कुल 897 बूथों पर देखा जाए तो 52 बूथ ही ऐसे हैं जहां बसपा ने 100 से अधिक वोट पाए हैं। इनमें हमीरपुर में 29 बूथ व राठ में 23 बूथ हैं। इनमें राठ विधानसभा में एक मात्र बसेला गांव के 211 बूथ पर मतदाताओं ने बसपा को भाजपा व सपा के मुकाबले सर्वाधिक वोट डाले हैं। बसपा को जहां 208 वोट मिले तो सपा को 158 और भाजपा को 186 वोट मिले हैं।

# बिजली समस्या से जूझ रहा जिला अस्पताल

## घंटों बिजली गुल रहने से बिलबिला उठते हैं मरीज, अस्पताल में 6 जेनरेटर होने के बाद भी समस्या

कार्यालय संवाददाता ,उरई



जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में बंद पंखे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और तपिश के बाद भी जिला अस्पताल की बिजली व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। अस्पताल के 6 वार्डों की बिजली घंटों के लिए गायब हो जाती है। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि जिला अस्पताल में बिजली विभाग का अलग से फीडर है तथा लाइट न आने पर सरकार द्वारा अस्पताल के अंदर आधा दर्जन जेनरेटर की व्यवस्था है। इसके बाद भी भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। जिसके लिए प्रभारी सीएमएस डॉ. अनिल राज की व्यवस्था पर मरीज और तीमारदार प्रश्न चिह्न उठा रहे हैं। इस भीषण गर्मी में भर्ती मरीजों को बिजली तक नसीब नहीं हो पा रही है। जिला अस्पताल के सर्जिकल बार्डो नम्बर-10, 11 व 12 में आये दिन बिजली गुल हो जाने से वार्डों भर्ती मरीज तड़पने को मजबूर हैं। इन वार्डों में वह मरीज भर्ती हैं जिनके गंभीर ऑपरेशन हुए हैं जो चलने फिरने लायक नहीं है। ऐसे में इन वार्डों की बिजली गायब हो जाने से मरीज गर्मी के मारे तड़पते हुए दिखाई दे रहे हैं। अस्पताल के अधिकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे।

### चार दिन तक तापमान बढ़े रहने के आसार : डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एडवाइजरी जारी करते हुए जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम विज्ञान की सूचना के दृष्टिगत अगले चार दिन तक लगातार तापमान बढ़ने के साथ-साथ गर्म हवा, लू का प्रकोप भी बढ़ने की पूर्ण संभावना है। लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि की रोकथाम के लिए जरूरी सावधानियां बरतें। बढ़ रही गर्मी और लू के चलते गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे आदि लोग घर में ही रहें विशेष परिस्थितियों में ही घर के बाहर निकलें, दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घर पर ही रहे, अति आवश्यक ना होने पर घर के बाहर निकलने से परहेज करें। डीएम ने कहा कि अपने सभी काम प्रात: 6 बजे से 11 बजे व शाम 4 बजे से 7 बजे के बीच ही निपटा लें। घर में व सफर के दौरान भी हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें। ठंडे पानी से बार-बार नहाएं।

# रैली निकाल कर किया जागरूक साफ किया यमुना का प्राचीन घाट

संवाददाता, कालपी



जलाशय को स्वच्छ रखने के लिए रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 58 यूपी बटालियन एनसीसी उरई के कमान अधिकारी कर्नल दुष्यन्त सिंह चौहान और अधिकारी नीलेश कुमार झा के निर्देशानुसार एनसीसी कैडेट्स ने पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत कालपी में जागरूकता रैली निकाली। पोस्टर बैनर के साथ कैडेट्स ने एमएसवी इन्टर कालेज प्रांगण से कोतवाली मार्ग होते हुए कालपी नगर के प्राचीन एक मात्र बचे हुए घाट जहां यमुनाजी ने घाट नहीं छोड़ा है वहां पर जा कर घाट की सफाई की। लेफ्टिनेंट राजमणि ने जलाशयों की स्वच्छता के लिए सावधानी बरतने का महत्व बताया। स्वच्छ जल सबको मिल सके यह सुनिश्चित किया जाए। नदियों, नालों, कुओं, पोखरों, तालाबों के पानी को संक्रमण से रोका जाय पशु, पक्षियों को पीने का जल उपलब्ध हो सके अनुपयोगी कूड़ा करकट जलाशयों में ना डालकर जला दे अथवा मिट्टी में दबा दे इस अभियान में कैडिटस सौरभ, तान्या, कोमल सिंह और विद्यालय के कर्मचारी व नगर के समाज सेवी राजू पाठक, शैलेन्द्र सिंह, मंगल सिंह यादव,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# उरई कोतवाली में जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, उरई



सुनवाई के दौरान मौजूद डीएम राजेश कुमार पांडेय व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने थाना समाधान दिवस पर उरई कोतवाली में आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना। शिकायतों को समयाबधि के अन्तर्गत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को किसी भी प्रकार कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अंदर निस्तारित करना सुनिश्चित करे। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाए तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**थाना दिवस पर दिखा गर्मी का असर, दो शिकायतें आई: जालौन।** भीषण गर्मी तथा चिलचिलाती धूप की वजह से थाना दिवस में सन्नाटे का आलम दिखाई दिया। थाना आटा में थानाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 2 मामले प्रस्तुत किए गए। एक प्रकरण का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। ढाई महीने बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन शुरू हुआ। आटा थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद पुलिस तथा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में फरियादियों द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत किए एक मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। जबकि एक अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस बिभाग की टीमो को मौके पर भेजा गया है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं तथा शिकायतो को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व कानूनगो रामराजा राजपूत,शिव मंगल सिंह, विधासागर के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार कोतवाली कालपी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अलावा कर्मचारी मौजूद रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**कालपी।** कालपी में भाजपाइयों ने नरेन्द्र मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर कर खुशी का इजहार किया गया।

शुक्रवार की शाम टरननगंज स्थित भाजपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव की अध्यक्षता में तथा भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक डाक्टर अरूण मैहरोत्रा की मौजूदगी में आयोजित एक बैठक में 140 करोड़ देशवासियों का अपना परिवार मानने वाले विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाने वाले हमारे नेता विकास के अग्रदूत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने खुशी का इजहार कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण मेहरोत्रा,भारत सिंह यादव के अलावा,आशुतोष मिश्रा,ऊषा शुक्ला,अश्वनी तिवारी, राकेश पुरवार, अतुल गुप्ता, सुबोध द्विवेदी, हर्षित खन्ना, अशोक बाजपेई, संदीप शर्मा, सौरभ गुप्ता,मयंक श्रीवास, राजेंद्र साहू,संदीप साहू, अवधेश तिवारी, सुन्नी तिवारी, कुंवर जू, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति विश्वकर्मा, रजनी पाल, भारत भूषण गुप्ता, वंदना गुप्ता, राजेश द्विवेदी, धर्मेन्द्र पाल, राकेश पुरवार, संदीप पांडेय समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

**जालौन।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के पास ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक होमगार्ड के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि कालपी कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला होमगार्ड लल्लूराम पुत्र कालीदीन ड्यूटी करने के लिए जा रहा था। तभी एनएच-27 के पास स्थित चौरसी गुमबद के पास तेज रफ्तार से जा रहे वाहन के चालक ने पीछे से होमगार्ड को टक्कर मार दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वाहन की तलाश में जुट गई।

### रामलीला महोत्सवः भाई राम से मिल रो पड़े भरत

**जालौन।** खनुआं में चल रहे रामलीला महोत्सव के 6वें दिन राम भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। जिसमें राम और भरत के सजीव सुंदर चित्रण को बैठे दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं, हास्य कलाकार की कला के प्रदर्शन की सभी ने जमकर तारीफ की। गांव में श्रीराम जानकी मंदिर पर चल रही रामलीला के 6वें दिन भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। इसके पहले दृश्य में भरत अपने भाई राम को मनाने के लिए अयोध्या से निकलते हैं। उनके साथ अयोध्या की प्रजा के अलावा तीनों माताएं गुरु वशिष्ठ आदि सभी जाते हैं। भरत वनवासी के भेष मे नंगे पैर चलते हुए चित्रकूट पहुंचते हैं। जहां श्रीराम भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ रह रहे थे। राम को मनाने के लिए निकले भरतजी की दशा को जिसने देखा, वह अपने आप को धन्य मानने लगा। चित्रकूट पहुंचकर रामजी को मनाने में के लिए भरतजी ने पूरा प्रयास किया और उन्हें अयोध्या लौटने के लिए कहा। श्रीराम और भरतजी के बीच संवाद को उपस्थित सभी दर्शकों ने जमकर सराहा। इस दौरान हास्य कलाकार ढुल्लन, सन्यासी और वीरपाल हंगामा ने हंसी के चुटकुले सुनाकर दर्शकों को जमकर हंसाया। राम की भूमिका मे राम बिहारी रसिक, लक्ष्मण गोलू जसुआपुर, भरत अंजू तिवारी, शत्रुघ्न मनीष पचौरी ने अपनी कला का सराहनीय प्रदर्शन किया।

### अवैध रूप से चल रहे वाहनों से सरकार को लग रहा चूना

**जालौन।** जिला मुख्यालय उरई स्थित कालपी बस स्टैंड से दर्जनों की संख्या में अवैध तीन पहिया ऑटो व ई-रिक्सा संचालित हो रहे हैं। जो मानक से दो गुनी सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे हैं। इसके अलावा तीन पहिया वाहन निर्धारित सीमा से अधिक दूरी सवारियां भरकर कालपी, आटा, हमीरपुर, भोगनीपुर तक का सफर तय कर रहे हैं। इससे रोडवेज बसों को सवारियां नहीं मिल पाती हैं जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का घाटा उठाना पड़ रहा है। शहर के कालपी बस स्टैंड पर सुबह से ही दर्जनों की संख्या में अवैध टैक्सियों का जमावड़ा लग जाता है जो सवारियां बुला बुलाकर टैक्सियों में भूसे की तरह भर कर ले जाने का काम करते हैं। इन ऑटो के संचालन की वजह से रोडवेज की बसें खाली सड़क पर दौड़ रही है। साथ ही शहर में इन वाहनों की संख्या अधिक होने से और मनमर्जी से स्टॉपेज बना लेने से जाम की बिकराल स्थिति भी पैदा हो रही है। जबकि जाम को नियंत्रण करने तथा अवैध वाहनों को खड़ा न होने के लिए यातायात पुलिस के आधा दर्जन सिपाही तथा होमगार्ड तैनात रहते हैं इसके बाद भी अवैध टेपो के चालकों पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। न ही एआरटीओ विभाग इनके संचालन रोकने के लिए कोई कारगर कदम उठाता नजर आ रहा है।

### सब्जी मंडी पर रोज सुबह लगता है जाम

**कालपी।** बिजली घर रोड पर सुबह लगने वाली सब्जी मण्डी में सुबह 6 बजे से 10 बजे रोजाना जाम से शहरवासी परेशान हो रहे हैं। 6 माह पहले सीओ कालपी द्वारा सब्जी के आढ़तियों को समझाया गया था कि अपनी निर्धारित जगह पर ही दुकान लगाएं। कुछ दिन के बाद सब्जी के आढ़ती अपने पुराने ढर्रे पर आ गए। रोड पर सब्जी की दुकानें लगने लगीं व आड़े तिरछे वाहन रोड पर लगने लगे, जिससे पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। इस रोड पर सन राइज स्कूल और ग्रीन वैली इन्टर कॉलेज हैं, इन विद्यालयों के बच्चों के निकलने का यही मुख्य रास्ता है। भीड़ की वजह से छात्र-छात्राओं का निकलना मुश्किल हो जाता है आए दिन यह लोग लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं, मुहल्ले के नागरिकों संजय सिंह, रविन्द्र पड़री, विवेक तिवारी, नरेन्द्र द्विवेदी, लल्लू, नारायण द्विवेदी के अनुसार शासन प्रशासन को इस समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करना चाहिए।



पौधरोपण करते पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव व अन्य। अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने गौशाला में किया पौधरोपण

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव व सभासदों तथा कर्मचारियों ने गौशाला में पौधरोपण अभियान चला कर धरती को हरा भरा करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि वृक्षों के बगैर धरती सूनी है, वृक्षों के होने से हम सबको शुद्ध हवा मिलती है। वृक्षों की शुद्ध हवा से मानव शरीर के तमाम रोग नहीं पनप पाते हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि प्रदूषण मुक्त करने के लिए सभी को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वृक्ष लगाने के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर सभासदों के अलावा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान, इरफान मंसूरी,शायद तिवारी आदि ने पार्क में छायादार तथा फलदार वृक्ष रोपित करके धरती को हरा-भरा करने का संकल्प लिया।

# खेत और बाग में लगी आग

**कालपी(जालौन)।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर में एक बाग में अग्निकांड की घटना हो गई। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम कीरतपुर में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण कर लिया।

इसी तरह ग्राम बरसेला में गौशाला के बगल में आग लग गई । सूचना पाकर मौके पर अग्निशमन केंद्र कालपी की टीम पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों के द्वारा तत्परता पूर्वक काबू पाया गया। विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक फायरमैन अमृतलाल फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा फायरमैन शिवकुमार फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह फायरमैन मानवेंद्र सिंह आदि कर्मचारी आग बुझाने में शामिल रहे।

# भागवत में कृष्ण लीला का किया वर्णन

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** ग्राम डकोर में बजरंग सत्संग आश्रम में चल रही भागवत कथा में शनिवार को प्रभु कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। जहां पर कथा वाचक सुमन शास्त्री शिकोहाबाद ने करुणा भाव में कथा का गुणगान किया। कथा पर श्रोता नृत्य करने लगे। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्रोताओं को कई ज्ञान दिए। भागवत का विशाल भंडारा 9 जून 2024 को संपन्न होगा।

भागवत के परीक्षित रामा देवी पत्नी हरिशंकर डकोर हैं तथा इस कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र सिंह यादव, अरविंद महाते, बृजराज सिंह यादव नन्ना, बादाम सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज यादव राधे-राधे, विनोद यादव, प्रेमचंद यादव, मुंशी, बबलू महाराज, राजेंद्र, जानी, निशांत यादव, रामजी यादव, नीतीश कुमार आदि मौजूद रहे।



कथा सुनातीं कथा वाचक सुमन शास्त्री। अमृत विचार

### कथा व्यास रोहित ने वेदव्यास मंदिर पहुंचकर माथा टेका

संवाददाता कालपी, कालपी। कालपी धाम में रोहित रिछारिया महाराज वृन्दावन धाम ने प्रभु वेदव्यास मन्दिर पर पहुंचकर माथा टेका तथा कई देव स्थलों पर भी गये। शनिवार को व्यास भूमि कालपी के कथा व्यास श्रीराम श्यामजी महाराज के निवेदन पर कालपी धाम आये कृपापात्र मूलक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दासजी महाराज व कथा व्यास रोहित रिछारिया ने सर्व प्रथम कालपी में झांसी की रानी की रणस्थली कालपी किला व पवित्र यमुना नदी को प्रणाम करने के बाद प्राचीन वेद व्यास मन्दिर व बाल वेदव्यास मन्दिर में पूजन अर्चन कर प्रणाम किया। इस दौरान महामंडलेश्वर राम करनदास महाराज, रामराज तिवारी उरई, सिन्दूर महाराज उरई, हरिश्चन्द्र दीक्षित, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, विवेक तिवारी, रोहणी शर्मा, पवनदीप निषाद प्रधान, शिवांग शुक्ला, योगेश द्विवेदी आदि मौजूद थे।

समीक्षा

1989 में पार्टी ने लड़ा पहला चुनाव, मिले थे 1,40417 वोट, इस बार के मुकाबले 40,169 ज्यादा

# लोस चुनाव में बसपा का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उरई



● इससे पहले सन 1991 में मिले थे सबसे कम 1,25,000 वोट

**लोस चुनाव 2024 में प्रत्याशियों को मिले वोट**

| प्रत्याशी | पार्टी | कुल प्राप्त मत |
|---|---|---|
| नारायनदास अहिरवार | सपा | 5,30,180 |
| भानूप्रताप वर्मा | भाजपा | 4,76,282 |
| सुरेशचंद्र गौतम | बसपा | 1,00,248 |
| नागेंद्र कुमार | भारतीय जन शक्ति पार्टी | 3,212 |
| ब्रज मोहन | निर्दलीय | 4,673 |
| प्रेमलता वर्मा | निर्दलीय | 3,200 |

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा सीट में इसबार का चुनाव काफी रोचक रहा। चुनाव में काफी उलट फेर देखने को मिला। पांच बार से लगातार भाजपा ने यहां जीत दर्ज कर गढ़ बना लिया था लेकिन सपा प्रत्याशी ने इस गढ़ में सेंध लगा दी। वहीं इस चुनाव में बसपा की जमीन भी खिसकती हुई नजर आई। बसपा ने इसबार के चुनाव में अबतक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। बसपा के 35 साल के राजनीतिक सफर में सर्वाधिक कम वोट इसबार के लोस चुनाव में मिले।

बसपा पार्टी ने राजनीतिक दल के रूप में पहला लोकसभा चुनाव 1989 में लड़ा था, तब यह लोकसभा सीट जालौन लोकसभा के नाम से थी। इसको अब जालौन-गरौठा-भोगनीपुर के नाम से जाना जाता है। सन 1989 में बसपा के संस्थापक सदस्य रहे बाबू रामाधीन को चुनाव लड़ाया। जिन्हे 1,40417 वोट मिले थे, फिर 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा ने बाबू रामाधीन को दोबारा टिकट दिया इसमें उन्हें 1,25,000 वोट मिले। सन 1996 में हुए लोक सभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने चैन सुख भारती को टिकट दिया, चैनसुख भारती को 1,44,780 वोट मिले। 1998 में हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा ने मानसिंह वर्मा को प्रत्याशी बनाया इसबार भी बसपा प्रत्याशी को 1,88,087 मत मिले।

एक साल बाद फिर से 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से ब्रजलाल खाबरी चुनाव लड़े और खाबरी ने 1,97,705 वोट पाकर जालौन में पहली बार बसपा को जीत दिलाई। इसके बाद 2004 के चुनाव में बसपा ने ब्रजलाल खाबरी पर फिर से दांव लगाया। इसबार बसपा प्रत्याशी खाबरी को 1,57,559 वोट मिले और भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा से चुनाव हार गए। 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा मुखिया मायावती ने तिलकचंद्र अहिरवार को टिकट दिया जो 2,71,614 वोट पाकर भी भाजपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा नेतृत्व ने फिर ब्रजलाल खाबरी पर भरोसा जताते हुए चुनाव मैदान में उतारा खाबरी को 2,61,429 वोट मिले और चुनाव हार गए, 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी का गठबंधन हुआ, और जालौन सीट सपा के खाते में चली गई।

इसबार 2024 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने सुरेशचंद गौतम पर दांव लगाया जिन्हे महज 1,00,248 ही वोट मिल पाए, जो बसपा के उद्गगम से लेकर 35 साल में हुए सभी लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशियों को मिले वोट से सबसे कम हैं। इससे लगाने लगा है कि जालौन में बसपा अस्तांचल की और बढ़ रही है।

# टायर फटने से ट्रक पलटा, दो घायल

**जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर आलू से लदा ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक व परिचायल घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर दोपहर को आलू की बोरियों से लदा एक ट्रक इटावा से हमीरपुर जा रहा था। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर जा रहा ट्रक जब किमी संख्या 201 के पास पहुंचा तभी अचानक से ट्रक का अगला टायर फट गया। अचानक टायर फटने से चालक रानू निवासी अयोध्या बस्ती महोबा रोड, छतरपुर ट्रक को संभाल नहीं सका और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। ट्रक के पलटने से आलू से लदी बोरियां सड़क पर गिर गईं और चालक रानू व परिचालक आशू निवासी झांसी घायल हो गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम MD SHADAB ALAM था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHADAB ALAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: MOHAMMAD NAUSHAD ALAM R/O- F-11, NEAR CANTT GENERAL HOSPITAL SADAR BAZAR, LUCKNOW**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम मधु उर्फ मधु डिडवानी है। मुझे मधु डिडवानी के नाम से जाना व पहचाना जाये। उपरोक्त दोनों नाम मधु व मधु डिडवानी दोनों मेरे ही नाम हैं। **मधु उर्फ मधु डिडवानी पुत्री दिलीप डिडवानी निवासिनी- मकान नं0- 76/9 ब्लाक नं0 8 गोविन्द नगर कानपुर नगर।**

**सूचना**
हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरे पिता का नाम राजेश साध अंकित है, जबकि सही नाम राजेश भान साध है। अत: मेरे पिता को सही नाम राजेश भान साध से ही जाना व पहचाना जाये। **आकर्ष साध पुत्र राजेश भान साध 2/29 साहबगंज, नरायनदास, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रिया यादव पुत्री सुशील कुमार ग्राम अहिलवा, पोस्ट दुकनहा, थाना खीरों, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मैंने श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर खीरों,रायबरेली से हाई स्कूल की संस्थागत परीक्षा वर्ष 2019 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 1223561 है। मेरा अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**
सूचित हो कि **सोबरन पुत्र अजरायल नि0 ग्राम सल्हौनी, थाना-पाली व हाल निवासी-ग्राम व कोतवाली सवायजपुर, जिला हरदोई**, मेरे बड़े पुत्र अनुराग उर्फ़ अरुण व इनकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है वह शराबी किस्म का व्यक्ति है तथा चोरी भी करता है मना करने पर गाली-गलौच कर मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्री सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण यादव, निवासी- परसेण्डी, पो0 परसेण्डी, थाना- तालगांव, तहसील- लहरपुर जिला सीतापुर** मेरे तीन पुत्र कमश: लवलेश कुमार, विमलेश कुमार व भानू हैं सभी पुत्रों की शादी विवाह हो चुका है तथा सभी पुत्र अलग-अलग रहते हैं किसी का किसी से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा बड़ा पुत्र लवलेश कुमार शराबी, झगड़ालू, बदचलन प्रवृत्ति का है जो आए दिन समाज में झगड़ा आदि करता है जिसके कृत्यों से मेरी समाज मे छवि खराब हो गयी है । मैने अपने पुत्र लवलेश कुमार के कृत्यों से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही है भविष्य मे यदि किसी व्यक्ति से उसके लेन देन, झगड़ा-फसाद आदि होता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

